बुलंदशहर में चल रहा था नकली दूध बनाने का धंधा, दिल्ली-NCR में होती थी सप्लाई



बुलंदशहर में नकली दूध बनाकर सप्लाई करने के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है. यहां बड़े पैमाने पर नकली दूध बनाकर नामी-गिरामी कंपनी को सप्लाई की जा रही थी. खाद्य सुरक्षा विभाग बुलंदशहर को सूचना मिली थी कि सिकंदराबाद में एक डेयरी पर नकली दूध का टैंकर जा रहा है. इसके बाद एफडीए की टीम ने मौके पर पहुंच कर टैंकर को पकड़ा. उसमें लगभग 1400 लीटर नकली दूध भरा हुआ था. पूछताछ में ड्राइवर से पता लगा कि वह कुबेर डेयरी से दूध को लेकर आ रहा था. उस दूध को ग्लूकोज और रिफाइण्ड तेल से तैयार किया गया था. टैंकर से दूध का नमूना जांच के लिए ले लिया गया. टैंकर में भरे 1400 लीटर दूध का अनुमानित मूल्य 70,000 रुपये है. टैंकर में भरे दूध को अविलंब नष्ट कर दिया गया. एफडीए की टीम ने ड्राइवर से पूछताछ के आधार पर पवन नामक के एक व्यक्ति की डेयरी पर छापा मारा. पवन खानपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गड़वा में डेयरी चलाता था. वह जेके डेयरी गजरौला तथा गज डेयरी सिकंदराबाद के लिए दूध कलेक्शन का काम करता है. पवन के घर पर भी जांच की गई. साथ ही बरौली वासुदेवपुर स्याना जनपद बुलन्दशहर पर स्थित कुबेर डेयरी पर भी जांच की गयी.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/bulandshahr-fake-milk-was-being-manufactured-on-large-scale-lclm-1986883-2024-07-17